66

# जब मृत्यु निकट होती है

## बाइबल पाठ #27

VI. तीसरे फसह से यीशु के बैतनिय्याह में आने तक (क्रमश:)।
   न. यरूशलेम की अन्तिम यात्रा (लूका 17:11क)(क्रमश:)।
      8. अपनी मृत्यु के आने की अपने चेलों को पहले से चेतावनी (मत्ती 20:17-19; मरकुस 10:32-34; लूका 18:31-34)।
      9. सेवक होने पर अपने चेलों को शिक्षा (मत्ती 20:20-28; मरकुस 10:35-45)।
      10. बर्तिमाई और उसके साथी को अंधेपन से चंगाई देना (मत्ती 20:29-34; मरकुस 10:46-52; लूका. 18:35-43)।
      11. जक्कई को लोभ से बचाना (लूका 19:1-10)।
      12. अपने चेलों को सुधारना-मोहरों का दृष्टांत (लूका 19:11-27)।

### परिचय

यदि आपको पूरा यकीन हो जाए कि एक सप्ताह के भीतर आपकी मृत्यु हो जाएगी तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी?[1] क्या आप इतने हक्के-बक्के रह जाएंगे कि कुछ कर न सकें? क्या आप अपने पर अत्यधिक तरस करेंगे? क्या आपका ध्यान मित्रों और सम्बन्धियों को आपको सांत्वना देने के लिए अपने आस-पास रखने पर होगा?

कई पाठों से, हम यीशु को यरूशलेम के अपने अन्तिम दौरे पर देख रहे हैं। इस पाठ में, वह दौरा समाप्त हो जाएगा। उन अन्तिम मीलों में चलते हुए, मसीह को इतने कष्टदायक ढंग से मालूम था कि मृत्यु केवल कुछ ही दिन बाद है (मत्ती 20:17-20)। क्रूस के निकट और निकट आते हुए उसके समय और विचारों में क्या प्रमुख था? अपने जीवन के इस कठिन समय में यीशु की प्राथमिकताओं से हमारे दृष्टिकोण प्रभावित हो सकते हैं। जब हमें पता हो कि मृत्यु निकट आ रही है तो हमें क्या करना चाहिए?

### अपरिहार्य से इनकार न करें (मत्ती 20:17-19; मरकुस 10:32-34; लूका 18:31-34)

पाठ के आरम्भ में, मसीह और भीड़ यरीहो के निकट थे (देखें मरकुस 10:46)। वे यरदन के दूसरी ओर, उस पांझ [चलकर पार करने के लिए नदी का मार्ग] के ऊपर, जहां से यात्री यहूदिया में जाने के लिए नदी को पार करते थे, यरीहो के पूर्व में होंगे।[2]

**कोई हिचकिचाहट नहीं ( मरकुस 10:32क )**

मरकुस ने लिखा है, ''और वे यरूशलेम को जाते हुए मार्ग में थे, और यीशु उन के आगे-आगे जा रहा था: और वे अचम्भा करने लगे और जो उसके पीछे-पीछे चलते थे, डरने लगे'' (आयत 32क)।[3] बेशक मृत्यु उसकी प्रतीक्षा कर रही थी, परन्तु यीशु बिना हिचकिचाहट के आगे बढ़ रहा था, जबकि उसके चेले अवश्य पीछे हट गए। शायद वे अचम्भित थे कि जब उसे मालूम है कि अधिकारी उसे मार डालने पर उतारू हैं, तो वह यरूशलेम में क्यों जाता है (यूहन्ना 11:7, 8, 16, 47-54)। उन्हें उसके प्राणों का नहीं, बल्कि अपने प्राणों का डर होगा (देखें यूहन्ना 11:16)।

**कोई लीपापोती नहीं[4] ( मत्ती 20:17-19;**
**मरकुस 10:32ख-34; लूका 18:31-34 )**

यीशु ने बारह चेलों को एक ओर ले जाकर फिर से समझाया कि उसकी प्रतीक्षा कौन कर रहा है। शायद उसे आशा थी कि उसकी भविष्यवाणियां पूरी होते देखने के बाद चेलों को समझ आ जाएगी कि उसकी मृत्यु एक त्रासदी नहीं, बल्कि परमेश्वर की योजनाओं और उद्देश्यों की विजय है।[5] उसने उनसे कहा:

> देखो, हम यरूशलेम को जाते हैं; और मनुष्य का पुत्र प्रधान याजकों और शास्त्रियों के हाथ पकड़वाया जाएगा, और वे उसको घात के योग्य ठहराएंगे। और उसको अन्यजातियों के हाथ सौंपेंगे कि वे उसे ठट्ठों में उड़ाएं, और कोड़े मारें, और क्रूस पर चढ़ाएं, और वह तीसरे दिन जिलाया जाएगा (मत्ती 20:18, 19)।

मसीह ने अपनी मृत्यु के बारे में पहले बताया था (देखें मरकुस 8:31-33; 9:30-32[6]), परन्तु इस बार उसने और बातें बताईं, जो पहले नहीं बताई गई थीं:[7]

- उसे प्रधान याजकों और शास्त्रियों के हाथ ''दिया'' जाना था-जो इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाता था कि वह पकड़वाया जाएगा।
- प्रधान याजकों और शास्त्रियों ने उसे मृत्यु का दण्ड देकर, अन्यजातियों (रोमियों) के हाथ सौंप देना था।
- उसे ठट्ठों में उड़ाया जाना और कोड़े मारे जाने थे।
- उसे क्रूस पर चढ़ाकर मारा जाना था।

सामान्य की तरह, उसने ज़ोर दिया कि मृत्यु अन्त नहीं होगी, बल्कि यह कि तीसरे दिन उसने ''जिलाया'' जाना था।[8] इसके अलावा सामान्य की तरह प्रेरितों को भी कोई ध्यान नहीं था कि वह क्या बात कह रहा है: ''और उन्होंने इन बातों में से कोई बात न समझी'' (लूका 18:34; देखें मरकुस 9:10, 32)।[9]

## होने के अपने उद्देश्य को जानें
## (मत्ती 20:20-28; मरकुस 10:35-45)

पहले, यीशु द्वारा अपनी मृत्यु की भविष्यवाणी करने के बाद, उसके चेलों ने यह बहस करके कि राज्य में सबसे बड़ा कौन होगा, अपनी नासमझी का प्रदर्शन किया था (मरकुस 9:31-34)। इस अवसर पर इस घोषणा के बाद ऐसी ही परिस्थिति आ गई।

**उद्देश्य: सेवा कराना?**

याकूब और यूहन्ना मसीह के पास यह कहने के लिए आए कि राज्य में सबसे महत्वपूर्ण सिंहासन यानी उसके दाएं और बाएं बैठने का अधिकार उन्हें दिया जाए (देखें मत्ती 19:28)।[10] प्रभु ने उन्हें बड़े प्यार से डांटा और बताया कि ऐसा सम्मान देना उसके पिता के हाथ में है।

जब दूसरे प्रेरितों को पता चला कि याकूब और यूहन्ना ने ऐसी हरकत की है, तो वे "उन दोनों भाइयों पर क्रुद्ध हुए" (मत्ती 20:24)। वे तो इसलिए परेशान हुए होंगे कि यह बात पहले उनके मन में क्यों नहीं आई। पहला स्थान पाने के लिए उनके अब तक जारी रहने वाले संघर्ष से पता चला कि उन्हें मसीहा के राज्य की समझ अभी तक नहीं है।[11]

**उद्देश्य: सेवा करना!**

यीशु ने इस अवसर का इस्तेमाल अपनी शिक्षा को दोहराने और विस्तार देने के लिए किया कि राज्य की वास्तविक महानता सेवा कराने के आधार पर नहीं, बल्कि दूसरों की सेवा करने के आधार पर होती है। नमूने के रूप में उसने अपनी ओर ध्यान दिलाया: "क्योंकि मनुष्य का पुत्र इसलिए नहीं आया, कि उसकी सेवा टहल की जाए, पर इसलिए आया, कि आप सेवा टहल करे और बहुतों की छुड़ौती के लिए अपना प्राण दे"[12] (मरकुस 10:45)।

मसीह अपनी मृत्यु की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ सकता था, क्योंकि उसे यह समझ थी कि वह कौन है और क्या करने के लिए आया है।[13] वह अपने चेलों को भी उद्देश्य और मिशन की ऐसी ही दृढ़ भावना देना चाहता था।

## अपना व्यवहार ऐसा रखें, जिससे परमेश्वर की महिमा हो
## (मत्ती 20:29-34; मरकुस 10:46-52; लूका 18:35-43)

यीशु और भीड़ यरदन घाटी में से होते हुए नदी पार करके यहूदिया में गए। फिर वे प्राचीन नगर यरीहो के साथ या इससे अधिक मील ऊपर गए।[14] फिर प्रभु ने दो अन्धों को चंगा करने और एक बदनाम पापी का उद्धार करने के लिए समय निकालकर सेवक होने का अर्थ बताने के लिए एक व्यावहारिक नमूना दिया। पहली लिखित कहानी अन्धों की है।[15]

**तथ्यों को जांचना**

सुसमाचार के तीनों समानान्तर वृत्तांतों में चंगाइयों की बात है, परन्तु उनके विवरणों में अन्तर है। उदाहरण के लिए, मत्ती ने दो अन्धों की बात बताई है (मत्ती 20:30), जबकि मरकुस और लूका ने केवल एक का ही उल्लेख किया है (मरकुस 10:46; लूका 18:35)। दुष्टात्मा से पीड़ित दो गिदेरेनियों की चंगाई की कहानी में भी ऐसी ही स्थिति थी।[16] उनमें से एक को सुसमाचार के वृत्तांतों के लिखे जाने के समय अधिक लोग जानते होंगे। मरकुस हमें उनमें से एक अन्धे के बारे में बताता है (शायद इसी को लोग अधिक जानते थे) कि उसका नाम ''बरतिमाई'' था, जिसका अर्थ है ''तीमाइस का पुत्र'' (मरकुस 10:46)।[17]

इसके अलावा उस छोटी सी जगह के बारे में, जहां ये लोग चंगे हुए थे, इन वृत्तांतों में भिन्नताएं हैं। लूका ने कहा है कि यीशु ''यरीहो के निकट पहुंचा'' (लूका 18:35), जबकि मत्ती और मरकुस ने लिखा है कि वह ''यरीहो से निकल रहा'' था (मत्ती 20:29; मरकुस 10:46)। कई पुरानी टीकाओं में यह सुझाव देते हुए कि यीशु के वहां से गुज़रने के समय वे अन्धे यरीहो के प्रवेश द्वार पर बैठे हुए थे, इस भिन्नता को दूर करते हुए लगते हैं-परन्तु जब तक उन्हें पता चला कि वह कौन है, तब तक वह नगर में जा चुका था। इस व्याख्या के अनुसार फिर वे दूसरी ओर से चले गए और मसीह के यरीहो को जाने के समय चंगे हुए थे।[18] हाल ही के टीकाओं में आम तौर पर ध्यान दिलाया जाता है कि ''यरीहो'' दो थे: ऐतिहासिक ''पुराना'' यरीहो और हेरोदेस द्वारा बनाया गया ''नया'' यरीहो। इस प्रकार वे ज़ोर देते हैं कि यीशु उन अन्धों से *पुराने* यरीहो से निकलते समय और *नये* यरीहो में आने के समय मिला होगा। जो भी हो तीनों वृत्तांतों में कोई ऐसा विवाद नहीं है, जिसे सुलझाया न जा सकता हो।[19]

**विश्वास पर ज़ोर देना**

दो अन्धे सड़क के किनारे अपने भीख मांगने के अड्डों पर बैठे हुए थे (देखें लूका 18:35)। जब उन्होंने सुना कि कौन पास से गुज़र रहा है, तो वे पुकार उठे, ''हे प्रभु दाऊद की सन्तान, हम पर दया कर''[20] (मत्ती 20:30)। भीड़ ने उन्हें चुप कराने की कोशिश की, ''पर वे और भी चिल्लाकर बोले, हे प्रभु, दाऊद की संतान; हम पर दया कर'' (मत्ती 20:31)। यीशु ने उन्हें अपने पास बुलाया (मरकुस 10:49)[21] और पूछा, ''तुम क्या चाहते हो कि मैं तुम्हारे लिए करूं? उन्होंने उस से कहा, हे प्रभु; यह कि हमारी आंखें खुल जाएं'' (मत्ती 20:32, 33)। मसीह ने बरतिमाई से कहा, ''चला जा, तेरे विश्वास ने तुझे चंगा कर दिया है'' (मरकुस 10:52; लूका 18:42)। चंगाई पाने वाले का विश्वास हर घटना में होना आवश्यक नहीं होता था,[22] परन्तु इस अवसर पर इसका उल्लेख हुआ था। इस घटना से सच्चे विश्वास के सक्रिय होने का पता चलता है:

- विश्वास का अंगीकार हुआ (''दाऊद का पुत्र'')।
- विश्वास पर ज़ोर दिया गया (भीड़ से निरुत्साहित होने से इनकार किया)।

- विश्वास का उत्तर दिया गया (यीशु की पुकार का)।
- विश्वास की विनती की गई।

इस सूची में हम जोड़ सकते हैं कि चंगाई के बाद, विश्वास से धन्यवाद व्यक्त किया गया और विश्वास यीशु के पीछे चला।

''यीशु ने तरस खाकर उनकी आंखें छुईं, और वे तुरन्त देखने लगे'' (मत्ती 20:34)। वे भीड़ के साथ ''परमेश्वर की बड़ाई करते हुए उसके पीछे हो लिए, और सब लोगों ने देखकर परमेश्वर की स्तुति की'' (लूका 18:43)। मसीह ऐसे ही काम करता था, जिससे उसके पिता की महिमा होती हो (देखें यूहन्ना 17:4)।

## दूसरों का भी सोचें (लूका 19:1-10)[23]

मन में किसी त्रासदी की बात आने पर हमारे विचार स्वार्थी होने लगते हैं, परन्तु यीशु के साथ ऐसा नहीं था। इस तथ्य के बावजूद कि उसके मन में बहुत सी बातें थीं, उसने दूसरों के बारे में सोचना बन्द नहीं किया। यह बात अन्धे को चंगा करने में दिखाई दी। यह बात यरीहो की एक और घटना अर्थात ज़क्कई नामक एक चुंगी लेने वाले को बचाने की एक और घटना में भी देखी जा सकती है।

छोटे बच्चे भी उस ''छोटे-नाटे आदमी'' की कहानी जानते हैं, जो प्रभु को देखने के लिए एक वृक्ष पर चढ़ गया था।[24] मसीह ने उसके घर जाने के लिए समय दिया, जिससे उसका जीवन ही बदल गया था।[25] यीशु ने ज़क्कई को बताया था, ''आज इस घर में उद्धार आया है, ... क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूंढ़ने और उनका उद्धार करने आया है''[26] (आयतें 9, 10)।

## सिखाना, सिखाना, सिखाना (लूका 19:11-27)

अन्त तक, हम यीशु को सिखाते हुए अर्थात सच्चाई बताते और गलत विचारों को सुधारने की कोशिश करते पाएंगे। ज़क्कई के घर में अपने चेलों के साथ कुछ समय मिलने पर, मसीह ने उन्हें राज्य की उनकी भ्रमित अवधारणाओं को सुधारने की कोशिश जारी रखते हुए मुहरों का[27] दृष्टांत बताया।

### दृष्टांत

दृष्टांत में, एक धनी मनुष्य ने परदेस जाने से पहले दस दासों को एक-एक मुहर दी (आयतें 13, 16, 18, 20) और उन्हें उस धन से ''लेन-देन'' करने को कहा। यह मुहर चांदी का बना एक यूनानी सिक्का होती थी, जिसकी कीमत एक सौ दीनार थी।[28] एक मुहर आम मज़दूर की लगभग चार महीने की कमाई होगी।[29] धनवान फिर ''दूर देश को चला गया ताकि राजपद पाकर फिर आए'' (आयत 12)। बाद में, उसने वफ़ादार को प्रतिफल दिया और आज्ञा न मानने वाले और विद्रोहियों को दण्ड दिया। यह दृष्टांत कुछ दिन बाद प्रभु

द्वारा बताए गए तोड़ों के दृष्टांत से मिलता-जुलता है (मत्ती 25:14-30),[30] अन्तर केवल यही है कि इसमें अलग बात पर ज़ोर दिया गया है।

**उद्देश्य**

इस दृष्टांत का मुख्य उद्देश्य आयत 11 में दिया गया है: ''यीशु ने एक दृष्टांत कहा, इसलिए कि वह यरूशलेम के निकट था, और वे समझते थे, कि परमेश्वर का राज्य अभी प्रकट होने वाला है।'' मसीह ने यह भी समझाया था कि वह मरने के लिए यरूशलेम जा रहा है, परन्तु उन्होंने इसे मानने से इनकार कर दिया था। भीड़ की उत्तेजना में जकड़े,[31] उन्होंने यह मान लिया कि यरूशलेम में जाने का यीशु का उद्देश्य अपना राज्य स्थापित करना है। इस दृष्टांत का मुख्य विचार यह है कि धनी मनुष्य को अपना राज्य पाने के लिए, ''दूर देश'' में जाना था। निश्चय ही यीशु ही वह धनी मनुष्य था, और ''दूर देश'' स्वर्ग था। यीशु को मरना था, जी उठना था और फिर राजा का मुकुट पहनने से पहले अपने पिता के पास ऊपर उठाया जाना था (प्रेरितों 2:32, 33; प्रकाशितवाक्य 3:21 भी देखें)।[32]

आम तौर पर, दृष्टांत एक सच्चाई सिखाने के लिए बनाया जाता था। परन्तु इस मामले में, दृष्टांत में अतिरिक्त सबक भी थे:[33]

- इसमें मसीह के चेलों के लिए एक विशेष चुनौती थी। उसके जाने के बाद, उन्हें वयस्क होना आवश्यक था। उसने उन्हें बड़ी ज़िम्मेदारी देनी थी, और एक दिन उन्हें हिसाब देने के लिए बुलाना था (देखें 2 कुरिन्थियों 4:17)।
- इसमें यीशु के शत्रुओं के लिए विशेष चेतावनी थी कि उसे ठुकराने वालों को कठोर दण्ड दिया जाएगा।

## सारांश

यरीहो से निकलकर यीशु ने यरीहो (समुद्र तल से 1200 फुट नीचे) से यरूशलेम (समुद्र तल से 2500 फुट ऊपर) की सत्रह मील चढ़ाई के दौरे का अन्तिम पड़ाव आरम्भ किया। हमारा अगला पाठ बैतनिय्याह में उसके पहुंचने के साथ आरम्भ होगा।

इस पाठ में उन बातों पर ध्यान दिलाया गया है, जो क्रूस से पहले के कुछ अन्तिम दिनों के समय यीशु के विचारों और जीवन में घटी थीं। हो सकता है, आप सोचें कि यह पाठ आपके लिए कम प्रासंगिक है, क्योंकि आपने आने वाले कई वर्षों के लिए जीवित रहने की योजना बनाई है, परन्तु विचार करने पर पता चलता है कि मृत्यु हमेशा ''निकट'' ही होती है (देखें इब्रानियों 9:27)। मसीह के उदाहरण से हमें पता चलता है कि *हर* समय हमें तैयार रहना आवश्यक है:

- अपरिहार्य से इनकार न करें। यह मान लेना कि मृत्यु किसी भी समय आ सकती है, जीवन के परिप्रेक्षय को बदल देता है।

- अपने अस्तित्व के उद्देश्य को जानें। हम में से हर एक को यहां किसी कारण के लिए रखा गया है। उस उद्देश्य को समझना जीवन को अर्थ देना है।
- अपना व्यवहार ऐसा रखें, जिससे हर बात में परमेश्वर को महिमा मिले। ''उसी प्रकार तुम्हारा उजियाला मनुष्यों के सामने चमके कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में है, बड़ाई करें'' (मत्ती 5:16)।
- दूसरों के बारे में सोचें। इस पृथ्वी पर सबसे दुखी लोग वही हैं, जो केवल अपने लिए सोचते हैं।
- सिखाना, सिखाना, सिखाना। परमेश्वर के वचन की सच्चाइयां दूसरों को बताने के मिले हर अवसर का इस्तेमाल करें।

आप एक और सप्ताह जीवित रहें या शताब्दी, ''पृथ्वी पर अन्तिम दिन'' बिताने का इससे अच्छा तरीका नहीं है।

## नोट्स

इस पाठ के लिए अन्य सम्भावित शीर्षक ''जब मृत्यु बुलाती है''; ''जब मृत्यु आस-पास हो''; ''जब मृत्यु आपके दरवाज़े पर दस्तक दे'' हो सकते हैं। यदि आप इस पाठ के लिए सरल ढंग अपनाना चाहते हैं, तो ''आपके जीवन का उद्देश्य क्या है?'' पर कोशिश करके देखें। इस पाठ में मत्ती 20:28 और लूका 19:10 में यीशु के उद्देश्य वाक्यों में से दो बड़े हैं। इस पाठ की घटनाओं का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया जा सकता है कि यीशु जानता था कि वह पृथ्वी पर क्यों है। क्या हम जानते हैं कि हम यहां क्यों हैं?

इस पाठ में जिसका हमने अध्ययन किया है, वचन सुनाने की बहुत सम्भावनाएं हैं: याकूब और यूहन्ना की विनती (और यीशु के उत्तर) पर अगला प्रवचन ''बड़े होकर क्या बनोगे?'' देखें। अन्धे बरतिमाई की चंगाई के वृत्तांत से कई संदेश तैयार हुए हैं। आप यरूशलेम के अन्धे की चंगाई से विचार ले सकते हैं। (''मसीह का जीवन, भाग 4'' में पृष्ठ 98 पर ''मैं अन्धा था और अब देखता हूं'' पाठ देखें।) मुहरों के दृष्टांत का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। लूका 19:13ख सामान्य अर्थ में धन के भण्डारीपन पर संदेश के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है: ''इस [धन] से लेन-देन करो'' या ''इस धन से काम करो।''

---

टिप्पणियां

[1]आप चाहें तो इस बात पर क्लास में चर्चा करवा सकते हैं। हमें सचमुच पता नहीं होता कि किसी बात के घटने से पहले उस पर कैसे प्रतिक्रिया देनी है, पर प्रश्न पूछना पृथ्वी पर अपने अन्तिम कुछ दिनों के समय यीशु की प्राथमिकताओं के लिए पृष्ठभूमि बना सकता है। हो सकता है आप या क्लास के दूसरे लोग ऐसे लोगों

को जानते हों, जिन्हें डॉक्टरों ने बताया हो कि वे कितना समय और जीवित रह सकते हैं। इस खबर पर उनकी क्या प्रतिक्रिया थी? [24]''यीशु की सेवकाई के समय पलिश्तीन'' का मानचित्र देखें। [3]मरकुस 10:32क वाले ''वे'' और ''पीछे-पीछे चलने'' वाले लोग अलग-अलग समूह भी हो सकते हैं और नहीं भी। यदि दोनों अलग-अलग थे, तो ''वे'' सम्भवतया बारह चेले ही होंगे, जबकि ''पीछे-पीछे चलने'' उसके साथ सफ़र करने वाले अन्य चेले हो सकते हैं। [4]''लीपापोती'' का एक अर्थ ''स्पष्ट बात कहने से बचना'' है। वह अपनी आने वाली मृत्यु के बारे में स्पष्ट बात करता था। [5]बाद में वे क्रूस को इस प्रकाश में देखने के लिए आए (देखें यूहन्ना 12:16)। [6]अधिकतर लेखक मत्ती 20:18, 19 (और इससे मेल खाती आयतों) को यीशु के अपने आने वाले दुख भोगने के बारे में ''तीसरी बार'' कहा मानते हैं, पर कुछ इससे सहमत नहीं हैं। कितनी बार कहा, इस बात का कोई महत्व नहीं है; मसीह ने अन्य अवसरों पर यह संकेत दिया कि वह दुख उठाएगा (उदाहरण के लिए, देखें मत्ती 17:12; लूका 5:35; 9:22, 43-45; 12:50; 13:32, 33; 17:25)। [7]कॉफ़मैन ने लिखा है ''दुख भोगना निकट आने के लगभग 14 उपयुक्त और महत्वपूर्ण विवरण'' जो ''मसीह ने दिए'' (जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, *कमैन्ट्री ऑन द गॉस्पल ऑफ़ मैथ्यू* [ऑस्टिन टैक्सस: फर्म फ़ाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1968], 310-11)। [8]मत्ती में ''*तीसरे* दिन'' (मत्ती 20:19) और मरकुस में ''तीन दिन के *बाद*'' (मरकुस 8:31) है, जबकि लूका में केवल ''तीसरे दिन'' है (लूका 18:33)। ''... यह स्पष्ट लगता है कि इन शब्दों का अर्थ बिल्कुल मूल अर्थ में नहीं निकालना चाहिए'' (ओरविल ई. डैनियल, *ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स,* दूसरा संस्क. [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1996], 143)। [9]लूका 18:34 कहता है कि ''यह बात उनसे छिपी रही।'' यह सम्भवतया उनकी पूर्वधारणाओं के कारण है, जिसने उन्हें इसका अर्थ समझने से रोके रखा, पर यह उन्हें अभिभूत होने से रोके रखने के लिए ईश्वरीय हस्तक्षेप भी हो सकता है। लूका 9:45 में लूका ने ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल किया। [10]याकूब और यूहन्ना की माता ने भी यह विनती की। इस घटना के विस्तृत अध्ययन के लिए, इस पुस्तक में आगे ''बड़े होकर क्या बनोगे?'' पाठ देखें।

[11]यरूशलेम में ऊपरी कमरे में यही संघर्ष फिर उत्पन्न हुआ (लूका 22:24)। [12]''छुड़ौती'' शब्द पर चर्चा अगले पाठ में की गई है। [13]एक और उद्देश्य कथन मत्ती 9:13 में दिया गया है। मत्ती 1:21; 1 तीमुथियुस 1:15 भी देखें। [14]''यीशु की सेवकाई के समय पलिश्तीन'' मानचित्र देखें। [15]चंगाई के विवरण और ज़क्कई की कहानी बताने वाला लूका ही एकमात्र लेखक था, और उसने चंगाई को पहले बताया (लूका 18:35; 19:1, 2)। [16]इस कहानी को दोबारा बताते हुए, मैं आम तौर पर दो अंधों की बात करता हूं, एक बार में चाहे दोनों में से किसी की भी बात करूं। [17]''का पुत्र'' के लिए ''बर'' अरामी भाषा का शब्द है। मरकुस जिसने सम्भतवया रोमी श्रोताओं के लिए लिखा, ने उन शब्दों का अर्थ समझाया जो गैर यहूदी श्रोताओं को मालूम नहीं थे। [18]वे मसीह से पहले नगर के दूसरी ओर पहुंच गए होंगे, क्योंकि यीशु कुछ देर के लिए नगर के अन्दर रुका था। (उसने ज़क्कई के घर समय बिताया था।) कल्वर ने पाई जाने वाली भिन्नताओं की सात सम्भावित व्याख्याएं दी हैं (रॉबर्ट डंकन कल्वर, *द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1976], 212-13)। [20]मसीहा को लोग ''दाऊद की संतान'' ही कहते थे। इसीलिए अन्धों ने दूर से यीशु में अपना विश्वास जताया।

[21]मरकुस ने एक दिलचस्प विवरण जोड़ा है: बरतिमाई ने अपना कपड़ा फैंक दिया, अर्थात उसने अपना बाहरी वस्त्र उतार दिया (मरकुस 10:50)। यह कपड़ा ''भिखारी की आधी से अधिक सम्पत्ति होगा, पर उसने इससे अपनी नज़र को अधिक महत्व दिया, और इसे फैंक दिया, क्योंकि यह भीड़ में से यीशु के पास पहुंचने में रुकावट था'' (जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स* [सिंसिनटी: स्डैण्डर्ड पब्लिशिंग कं., 1914], 560-61)। प्रचारक तथा शिक्षक ध्यान दिलाते हैं कि यदि हम यीशु तक पहुंचना चाहते हैं तो ऐसी वस्तुओं को हम भी फैंक सकते हैं (देखें इब्रानियों 12:1)। [22]इस बात का कोई संकेत नहीं है कि मरकुस 2 वाले अधरंगी का चंगा होने में कोई विश्वास था। निश्चय ही उन मृतकों का, जिन्हें यीशु ने जिलाया था ''चंगा'' होने से पहले कोई विश्वास नहीं था। [23]निर्बलों, जरूरतमंदों और निकाले हुओं के चैंपियन लूका (''मसीह का जीवन, भाग 1'' में पृष्ठ 46 पर

देखें) ने ही ज़क्कई की कहानी बताई है। [24]बच्चों का एक प्रसिद्ध गीत है ''एक छोटा-नाटा आदमी।'' ''नाटा'' शब्द का अर्थ ''बहुत छोटे कद वाला'' है। [25]लूका के वृत्तांत में, ज़क्कई की कहानी (लूका 19:1-10) धनवान जवान हाकिम की कहानी के थोड़ी देर बाद आ जाती है (लूका 18:18-27)। परमेश्वर की प्रेरणा से लूका ने दिखाया कि ''ऊंट सुई के नाके में से'' कैसे निकल सकता है (लूका 18:25)। [26]लूका 19:10 एक और महान उद्देश्य वाक्य है; इसे इस पाठ में अध्ययन किए गए पहले मरकुस 10:45 के साथ रखें। [27]इसे आम तौर पर ''तोड़ों का दृष्टांत'' कहा जाता है। [28]जैसा पहले बताया गया था, दीनार एक मज़दूर की एक दिन की मज़दूरी होती थी (देखें मत्ती 20:2)। [29]लूका 19:17 मुहरों को ''बहुत ही थोड़ा'' कहता है, पर एक तुलनात्मक अर्थ में यानी उन दस नगरों की तुलना में जिस पर उस दास को अधिकार दिया गया था, यह ''बहुत थोड़ा'' था। [30]''मसीह का जीवन, भाग 6'' में तोड़ों के दृष्टांत पर चर्चा देखें। उस समय हम यह चर्चा करेंगे कि ''बैंक'' (लूका 19:23) क्या होता था और लूका 19:26 में इसका क्या सिद्धांत ठहराया गया है।

[31]विजयी प्रवेश में पूर्वाभास और उत्तेजना चरम पर थी, जिसका हम अगले पाठ में अध्ययन करेंगे। जब यीशु ने तुरन्त अपना राज्य स्थापित *नहीं* किया, तो उसकी प्रसिद्धि घटने लगी। कुछ दिन बाद, लोग पुकार रहे थे, ''उसे क्रूस दो!'' [32]यीशु के स्वर्गारोहण के दस दिन बाद यानी पिन्तेकुस्त के दिन, पवित्र आत्मा मसीह के राज्याभिषेक की घोषणा करने और उसका राज्य/कलीसिया स्थापित करने के लिए आया। [33]हमने कई बार देखा है कि सुसमाचार के वृत्तांतों में ''दृष्टांत'' का इस्तेमाल एक लचीले शब्द के रूप में होता है, जिसमें कई प्रकार की शिक्षा होती है।